हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 20 जून 2025

13 बेर, अमरूद, अनार, चीकू, आंवला व नींबू वर्गीय बाग...



14 चांदुवाड़ा में समस्याओं की भरमार प्रशासन मौन लोग परेशान



# गोवंश को गाड़ी में चढ़ाने से रोका तो हथियार दिखा डराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- गोरक्षा दल नारनौल के अध्यक्ष रॉकी सैनी की टीम ने रातभर की भागदौड़, गाड़ी को राजस्थान पुलिस के हवाले किया आरोपी फरार

शहर में रेलवे अंडरपास श्रीश्याम मंदिर के पास बुधवार की रात गोवंश को गाड़ी में जबरदस्ती बैठाया गया। संदिग्ध मामला समझ गोरक्षा दल नारनौल के अध्यक्ष रॉकी सैनी ने उनसे परिचय पूछा और गोवंश को गाड़ी में नहीं चढ़ने का आग्रह किया। उस वक्त गाड़ी में सवार एक व्यक्ति ने उनकी तरफ हथियार दिखाया। इसके बाद वह गोवंश को लेकर गाड़ी में सवार हो भाग निकले। इस घटनाक्रम के बाद पुलिस को सूचित कर नाकेबंदी भी की गई। वहीं गोरक्षा दल की टीम महेंद्रगढ़ जिला ही नहीं रेवाड़ी जिला में भी सक्रिय हो गई। आखिरकार रातभर भागदौड़ रही। संदिग्धों ने गोरक्षा दल की टीम पर रास्ते में कई जगह पत्थर भी बरसाएं। इस बीच गोवंश से भरी गाड़ी को राजस्थान के मांडन क्षेत्र में पकड़ा गया। गाड़ी में सवार सभी भाग गए। गोवंश की इस गाड़ी को वहां की पुलिस के हवाले कर शिकायत दे दी गई है।




नारनौल। राजस्थान में पकड़ी गई आयशर गाड़ी में गोवंश। फोटो : हरिभूमि

### पिस्तौल तानी तो समझ में आया मामला

गोरक्षा दल नारनौल के अध्यक्ष रॉकी सैनी का आवास मोहल्ला सलामपुरा है। उनका सब्जी मंडी में आढ़त का काम है। नई सब्जी मंडी व घर के बीच में ही अंडरपास के पास श्रीश्याम मंदिर मार्ग है। इसी मार्ग से रॉकी रात को घर लौट रहा था। रात करीब डेढ़ बजे उसे इस मार्ग पर आटा चक्की मिल के पास एक आयशर गाड़ी खड़ी दिखाई दी। उसमें गोवंश को जबरदस्ती चार व्यक्ति चढ़ा रहे थे। दो गाड़ी के आगे खड़े थे। पहले तो उन्होंने सोचा अभी हाल ही में नगर परिषद ने बेसहारा गोवंश को पकड़ने का टेंडर जारी किया है, शायद वहीं ठेकेदार के लोग होंगे। फिर यह समझा गया कि यह काम तो दिन भी में भी हो सकता है। फिर भी पूछ लिया जाए। इस असमंजस की स्थिति को साफ करने के लिए रॉकी गाड़ी के पास गया और पूछताछ की। रॉकी सैनी ने बताया कि इस बीच अपने आप को फंसता देख ड्राइवर साइड खड़े व्यक्ति ने उसकी तरफ रात के अंधेरे में हथियार दिखाया। यह नजारा देख वह गली की तरफ दौड़ा और छिपकर डॉयल 112 पर कॉल कर सूचना दी।

### संदिग्धों ने पत्थर भी बरसाए

रॉकी सैनी ने बताया कि पुलिस को सूचना देकर उन्होंने अपने साथियों को मामले से अवगत करवाया और गाड़ी के पीछे अपनी स्कूटी दौड़ दी। गाड़ी सैनी धर्मकांटा होते हुए हीरो होंडा चौक की तरफ गई। गाड़ी की स्पीड तेज थी, वह आंखों से दूर हो गई। जब वह हीरो होंडा चौक के पास पहुंचा तो डॉयल 112 गाड़ी मिली। उन्हें मामले से अवगत करवाया। पुलिस ने नाकाबंदी भी कर दी। तब तक गोरक्षा दल की टीम सदस्य भी पहुंच गए। दूसरे जिले से जुड़े गोरक्षा दल टीम को सक्रिय किया तो पता चला गोवंश से भरी यह गाड़ी रेवाड़ी की तरफ गई है। वहां टीम के सदस्यों ने उस गाड़ी का पीछा किया तो गाड़ी में सवार संदिग्धों ने पत्थर बरसाएं।

### टायर फटा तो गाड़ी छोड़ भागे संदिग्ध

रॉकी सैनी ने बताया कि यह मैसेज रेवाड़ी सहित आस पास क्षेत्र से जुड़े गोरक्षा दल टीम को कर दिया था। सभी सक्रिय हो गए। नवनीत दहिया नांगल चौधरी, भोलू मानेसर व कर्मपाल मांडन की टीम भी इस काम में जुट गई। यह गाड़ी रेवाड़ी, बावल होते हुए राजस्थान में प्रवेश कर गई। हमारी टीम भी पीछे ही थी। इसी बीच राजस्थान के मांडन क्षेत्र की पहाड़ी में गाड़ी का टायर फट गया। इसके बाद संदिग्ध गाड़ी को छोड़ फरार हो गए। गोवंश से भरी इस गाड़ी को मांडन पुलिस के हवाले किया गया। इस गाड़ी में 12 गोवंश थे। वहां पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। बताया जा रहा है कि यह संदिग्ध लोग मेवात के रहने वाले है।

## खबर संक्षेप

### कार-बाइक की टक्कर में होमगार्ड घायल

**कनीना।** कनीना महेंद्रगढ़ सड़क पर अटेली टी प्वाइंट के समीप सड़क हादसे में होम गार्ड घायल हो गया। इस बारे में घायल होमगार्ड संदीप वासी झूक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि डहिना चौकी में कार्यरत है। ड्यूटी के बाद वह बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था कि कनीना के अटेली मोड़ टी प्वाइंट के समीप सामने सेआ रहे एक कार चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### बिजली ट्रांसफार्मर से क्वाइल चोरी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव खारीवाड़ा से अज्ञात चोर बिजली के ट्रांसफार्मर से क्वाइल चोरी करके ले गए। पुलिस ने निगम के कर्मचारियों की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बिजली निगम के इंचार्ज राजेंद्र सिंह ने पुलिस शिकायत में बताया कि खारीवाड़ा एपी फिडर पर 16 केवी के ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोरों क्वाइल चुरा कर ले गए।

### खेड़ी से 36 वर्षीय व्यक्ति लापता

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव खेड़ी से एक व्यक्ति लापता हो गया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर कर लिया है। जानकारी के अनुसार गांव खेड़ी निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसका बड़ा भाई जितेंद्र उर्फ भूप 36 वर्षीय गत 16 जून की रात घर से चला गया। काफी तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। अटेली पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

### नेताजी क्लब में तीन दिवसीय योग शिविर शुरू

**कनीना।** 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें योग दिवस को लेकर भारत विकास परिषद की ओर से नेताजी मैमोरियल क्लब में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया है। संरक्षक कैवर सेन वशिष्ठ की अध्यक्षता में योग ट्रेनर जोगेंद्र सिंह की ओर से योगिक क्रियाएं करवाई जा रही हैं। उन्होंने चक्र आसन, धनुष आसन आदि करवाए।

### नागरिक अस्पताल में बनाया जाना है 24.48 करोड़ की लागत से नया सात मंजिला भवन

# 200 बैड के अस्पताल का पुराना टेंडर कैंसिल, नए की तैयारी

- 2019 में निर्माण शुरू करने के दो साल की बजाए पांच साल में भी नहीं किया निर्माण पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नागरिक अस्पताल में बनाए जा रहे नए सात मंजिला भवन का निर्माण अब नई ठेका कंपनी करेगी। पुरानी निर्माण कंपनी द्वारा बार-बार काम लटकाने से खिन्न होकर पीडब्ल्यूडी विभाग ने उच्चाधिकारियों से नई कंपनी को ठेका देकर निर्माण कार्य पूरा करवाने की अनुमति प्राप्त कर ली है। विभागीय चीफ इंजीनियर ने इसके ऑर्डर जारी कर दिए हैं। अब शीघ्र ही नऐ टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे, जिसमें जिस भी कंपनी को नया टेंडर मिलेगा, वह इस अस्पताल को निर्माण पूरा करवाएगी। इसका कुल कवर एरिया 1.61 लाख स्केयर फिट तैयार होना है।

जिला स्तरीय नागरिक अस्पताल भवन काफी पुराना है और कंडम भी हो चुका है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के पास नया भवन नहीं होने के कारण इसी पुराने भवन में अस्पताल चलाया जा रहा है। इस कमी को जब प्रदेश के सीएम मनोहर लाल खट्टर थे, तब नारनौल प्रवास के दौरान उनके सम्मुख यह डिमांड रखी गई थी। जिस पर 3 नवंबर 2017 को उन्होंने विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने से एक दिन पहले नारनौल अस्पताल के नए भवन को 200 बैड का अस्पताल बनाने की घोषणा की थी और इस नए भवन निर्माण के लिए लगभग 24.48 करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे। सबकुछ तय होने के बाद वर्ष 2019 में नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव ने इस नए भवन एवं ट्रामा सेंटर भवन की आधारशिला रखी थी। यह सात मंजिला तब महज दो साल में पूरा करने का लक्ष्य जींद की निर्माण कंपनी गर्ग एंड गर्ग को दिया गया था, लेकिन निर्माण कार्य शुरुआत में 5-6 महीने सही प्रकार से चला और फिर कोरोना महामारी शुरू हो गई। वहीं से इसका निर्माण कार्य अधर में लटक गया। इससे भवन निर्माण दो साल की बजाए छह साल में भी पूरा नहीं हो पाया है। पहले कोरोना की मार, फिर निर्माण सामग्री के रेट बढ़ने का मामला तो कभी तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री के विरुद्ध निर्माण एजेंसी के बीच उपजा भ्रष्टाचार का आरबीट्रेटरी (कोर्ट) में चले जाना जैसे लटकता ही रहा।





नारनौल। नागरिक अस्पताल में बनाया जा रहा है नया भवन व नए भवन में ठेकेदार द्वारा कई महीनों से डाला गया सामान। फोटो : हरिभूमि

### वर्तमान में सीवर का पानी मुसीबत

वर्तमान में इसके बेसमेंट में नागरिक अस्पताल के सीवर की लाइन का टूटा होने के कारण वहां भरा गंदा पानी रोड़ा बना हुआ है, जिस कारण बार-बार अस्पताल भवन निर्माण में देरी होती जा रही है। अन्यथा यहां सात मंजिला भवन बनने पर उसमें लिफ्ट लगनी थी और 200 बैड आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार होने थे। अस्पताल में चिकित्सक एवं अन्य स्टॉफ बढ़ने के साथ ही गंभीर रोगियों के उपचार की व्यवस्था भी इसी भवन में होनी थी, लेकिन अब तक कुछ भी नहीं हो पाया। जिस कारण इलाके की जनता स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर ठगा सा महसूस कर रही है।

### यह कहते हैं अधिकारी

*पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता अश्विनी कुमार ने बताया कि पुराना ठेकेदार अस्पताल भवन का कार्य बार-बार लटका रहा था। इस बार उसे एक नहीं, अनेक बार लिखित एवं मौखिक पत्राचार किया गया। बार-बार ठेकेदार ने काम शुरू करने का आश्वासन दिया, लेकिन कभी खरा नहीं उतरा। जबकि यह कार्य निर्माण शुरू करने के दो साल में पूरा हो जाना था। अब पुराना ठेंडर कैंसिल करके नई नीलामी की जाएगी, जिसे शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा।*

### अब तक केवल दो मंजिल ही बनी

गर्ग एंड गर्ग कंपनी ने नए अस्पताल भवन का टेंडर तो ले लिया और काम भी शुरू किया, लेकिन शुरुआत के पांच-छह महीने ही इस पर कार्य किया। बाद में कभी-कभार काम शुरू भी किया, लेकिन वह उस गति से चालू नहीं किया और न ही उसे निरंतर जारी रखा। बस शुरू किया और फिर छोड़ दिया। इस कारण इतने सालों में अस्पताल के सात मंजिला भवन की दो ही मंजिल आधी-अधूरी खड़ी हो पाई हैं, जिस पर लगभग पांच करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। यह भवन तैयार नहीं होने से इलाके की जनता को समुचित इलाज नहीं मिलने के रूप में बड़ा भारी नुकसान अब तक हो चुका है।

### 50 बैड की क्रिटिकल केयर यूनिट भी हुई कैंसिल

प्रदेश सरकार की नारनौल के नागरिक अस्पताल में 50 बैड की क्रिटिकल केयर यूनिट लागू करने की थी, लेकिन इस अस्पताल में 50 बैड की व्यवस्था नहीं थी, जिस कारण वह यूनिट कैंसिल कर दी गई। यदि यह सात मंजिला अस्पताल भवन बना होता तो यहां वह यूनिट स्थापित होने में आसानी होती तथा इसका क्षेत्र की गरीब जनता यानि मरीजों को बड़ा लाभ मिलता।

# हाइवे पर पानी भरने से कार पलटी, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

ढाणी बाठोठा में मांदी नंदी के पास हब रोड फ्लाईओवर के नीचे बारिश का पानी जमा होने व गड्ढे के कारण एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना देर शाम हुई, जब एक गाड़ी नांगल चौधरी से नारनौल की तरफ जा रही थी।

हादसे के बाद बिना एम्बुलेंस का इंतजार किए घटनास्थल के पास स्थित पेट्रोल पंप व चाय की दुकान पर मौजूद लोगों ने घायलों को तुरंत अपनी निजी गाड़ियों से नागरिक अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद में 112 पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। चाय दुकान मालिक रमेश शर्मा ने बताया कि इस जगह पर पानी भरने की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। फ्लाईओवर के ऊपर से आने वाला पानी भी नीचे ही जमा होता है और पानी की उचित निकासी न होने के कारण भराव की स्थिति बनी रहती है। पानी के लगातार जमाव के कारण सड़क पर गहरे गड्ढे भी हो गए है। जिस पर हाईवे टीम कोई ध्यान नहीं दे रही है।



नारनौल। हाइवे पर पलटी कार।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवसः जिला स्तरीय कार्यक्रम अब आईटीआई के बजाय नई अनाज मंडी में होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अंतर राष्ट्रीय योग दिवस पर आगामी 21 जून को बारिश की संभावनाओं के मद्देनजर आईटीआई मैदान में होने वाला जिला स्तरीय योग कार्यक्रम अब नांगल चौधरी रोड पर स्थित नई अनाज मंडी में होगा। नगराधीश मंजीत कुमार ने लघु सचिवालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में यह जानकारी दी। अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में बुलाई इस बैठक में खंड स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

सीटीएम ने बताया कि अंतर राष्ट्रीय योग दिवस पर देश के प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री का संबोधन का लाइव टेलीकास्ट भी दिखाया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी प्रकार की व्यवस्थाएं कर दी गई है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने स्टाफ सहित ठीक छह बजे योग कार्यक्रम में पहुंचे। नगराधीश ने बताया कि सभी कार्यक्रमों के लिए जिला प्रशासन की ओर से नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। अंतर राष्ट्रीय योग दिवस पर योग प्रोटोकॉल के तहत योगिक क्रियाएं करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने समस्त स्टाफ के साथ सुबह छह बजे नांगल चौधरी रोड पर स्थित नई अनाज मंडी नारनौल में उपस्थित रहेंगे।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते सीटीएम मंजीत कुमार। फोटो : हरिभूमि

*खंड स्तर पर इन स्थानों पर होगा योग कार्यक्रमः* उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि खंड स्तर खंड महेंद्रगढ़ में हुडा पार्क में, खंड अटेली में राजकीय महाविद्यालय ग्राउंड अटेली में, खंड नांगल चौधरी में अनाज मंडी नांगल चौधरी में, खंड सिहमा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिहमा में, खंड कनीना में पीकेएसडी महाविद्यालय कनीना, खंड निजामपुर में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय निजामपुर व खंड सतनाली में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय सतनाली में खंड स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### ये रहेंगी योगिक क्रियाएं

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि देशभर में निश्चित प्रोटोकॉल के अनुसार योगिक क्रियाएं होंगी। उन्होंने बताया कि योग अभ्यास की शुरूआत ईश्वर की उपासना से शुरू होगी। ग्रीवा चालन अभ्यास के तहत गर्दन आगे पीछे घूमाना, दाएं व बाएं झुकाना, दाएं एवं बाएं घूमना व ग्रीवा घुमना योग अभ्यास शामिल हैं। स्कंध चालन, कटि चालान व घुटना संचालन योग अभ्यास होगा। इनमें खड़े होकर करने वाले आसनों में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन व त्रिकोणासन शामिल हैं। इसी प्रकार बैठकर करने वाले भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तनमंडूकासन व वक्रासन है। इसके अलावा पेट के बल लेटकर किए वाले मकरासन, भुजंगासन, शलभासन तथा पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले सेतुबंधासन, उत्तानपाद आसन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन व शवासन आदि योगासनों तथा प्राणायाम का अभ्यास करवाया जाएगा। इसी प्रकार बैठकर करने वाले प्राणायाम कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम, भ्रमरी प्राणायाम व ध्यान शामिल है। संकल्प पाठ व अंत में शांति पाठ के साथ योगिक क्रियाओं का कार्यक्रम संपन्न होगा।

### *राजकीय महाविद्यालय, महिला कॉलेज, लघु सचिवालय जाने के लिए यह मार्ग है छोटा*

# मोहल्ला सराय से स्टेट हाइवे-148बी तक 37.40 लाख से बनेगी सड़क, काफी लंबे समय से जर्जर अवस्था में सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शहर के मोहल्ला बास से स्टेट हाईवे-148बी तक एक किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग का चार माह के समय में नवनिर्माण किया जाएगा। नगर पालिका की ओर से इसके लिए 37.40 लाख रुपये का बजट तय किया है। यह मार्ग काफी लंबे समय से जर्जर अवस्था में हैं। सड़क जर्जर होने के चलते आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क का निर्माण होने से राहगीरों व वाहन चालकों को काफी फायदा मिलेंगा। एक किलोमीटर सड़क के नव निर्माण का कार्य को पूरा करने के लिए चार माह की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

बता दें कि यह मार्ग इंटरलॉकिंग टाइलों से बनाया गया था। अब इस मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। इस एक किलोमीटर मार्ग पर अनेक मोहल्ले पड़ते हैं। शहर को जोड़ने के लिए मोहल्ला सराय रोड, मोहल्ला सुनारों का, मोहल्ला धानकान, सराय खटीकान होते हुए 148-बी स्टेट हाईवे को जोड़ने वाला यह सुगम मार्ग है। इसका निर्माण पूरा होने के बाद शहर पर यातायात का भार भी कम हो जाएगा। इस बदहाल मार्ग पर बरसात के समय में गड्ढों में पानी भरने के कारण लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। साथ लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण सड़क संकरा हो गया गया। अब नपा की ओर से अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ इसकी चौड़ाई को भी बढ़ाया जाएगा। इस मार्ग पर राजकीय महाविद्यालय, महिला कॉलेज, लघुसचिवालय, न्यायिक परिसर सहित मिस्त्री व अन्य मार्केट स्थित है। चार महीने बाद इस मार्ग का निर्माण को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बनने से शहर व गांवों से जाने वाले लोगों को लघु सचिवालय, तहसील में लोगों व कॉलेजों में विद्यार्थियों का आवागमन सुगम हो जाएगा। मौहल्ला सराय के रास्ते शहर को जोड़ने वाले मार्ग का नपा उखाड़ कर नया मार्ग बनाएगी। इस मार्ग को पहले की तरह इंटरलॉकिंग टाइलों से ही बनाया जाएगा। नगरपालिका के सूत्रों के अनुसार इस मार्ग को भी रोड पर दूर तक किए गए अतिक्रमण को हटाकर बनाया जाएगा।



महेंद्रगढ़। जर्जर अवस्था में स्टेट हाईवें ककी जाने वाला मार्ग। फोटो : हरिभूमि

### मार्ग पर है कई दुकानें

इस मार्ग पर तीन से चार मंदिर, स्कूल, किरयाणा की दुकान, कबाड़ की दुकानें सहित अनेक मौहल्ले स्थित है। लोग लघु सचिवालय जाने के लिए इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा लोग सब्जी मंडी व शहर का प्रमुख 11 हट्टा बाजार जाने के लिए इसी रोड से होकर गुजरते हैं। स्कूली विद्यार्थी व कॉलेज की छात्राएं महाविद्यालय में इसी रास्ते से जाते हैं। यह छोटा व आसान रास्ता भी है। पिछले काफी सालों से यह रोड टूटा हुआ है। लोग प्रशासन से इस रोड का निर्माण जल्द करने की मांग कर रहें थे। अब नगर पालिका ने इस मार्ग की सुध ली हैं।

### पहले हटाया जाएगा अतिक्रमण

नगर पालिका की ओर से 37 लाख 40 हजार 255 रुपये का वर्क ऑर्डर पास किया गया है। चार माह में इस मार्ग का निर्माण कार्य पूरा करने का रखा लक्ष्य रखा गया है। पहले इस मार्ग से अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके उपरांत इस मार्ग का निर्माण किया जाएगा।
**-रमेश सैनी, नगरपालिका प्रधान, महेंद्रगढ़**

# रैजांगला पराक्रम यात्रा नारनौल में आज

- यादव कल्याण सभा के प्रधान एवं विधायक ओमप्रकाश यादव टीम को करेंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

यादव कल्याण सभा की ओर से 20 जून की शाम पांच बजे रेंजागला पराक्रम यात्रा के टीम सदस्यों का स्वागत व सम्मान किया जाएगा। इस दौरान सभा के प्रधान एवं विधायक ओमप्रकाश यादव विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे।

इस संबंध में यादव कल्याण सभा के सचिव सुबेदार मेजर कंवर सिंह यादव ने बताया कि साल 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान भारतीय सेना की 13 कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी के 120 अहीर जवानों ने चीनी सेना की एक ब्रिगेड, जिसमें तीन हजार से ज्यादा सैनिक होते है, को आगे बढ़ने से रोका और अपने प्राणों को न्यौछावर करते हुए उन्हें जान माल की भारी क्षति पहुंचाई।

उनकी बहादुर अहीर जवानों की याद में बनाए गए अहीर धाम तक की एक यात्रा का आयोजन जोधपुर (राजस्थान) से 6500 किलोमीटर किया गया है। यह यात्रा 20 जून की शाम पांच बजे नारनौल की यादव धर्मशाला में पहुंचेगी। यहां यादव कल्याण सभा के प्रधान एवं विधायक ओमप्रकाश यादव इस टीम को सम्मानित करेंगे। यहीं टीम का रात्रि विश्राम होगा।

# बेर, अमरुद, अनार, चीकू, आंवला व नींबू वर्गीय बाग पर प्रति एकड़ 40 फीसदी अनुदान

## एक किसान अधिकतम 10 एकड़ तक प्राप्त कर सकता है अनुदानः डा प्रेम कुमार

- बागवानी से संबंधित जानकारी के लिए ब्लॉक उद्यान विकास अधिकारी के मोबाइल नंबर पर कर सकते हैं सम्पर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बागवानी विभाग की ओर से बेर, अमरुद, अनार, चीकू, आंवला व नींबू वर्गीय बाग लगाने पर प्रति एकड़ 40 फीसदी अनुदान दिया जाता है। किसानों को नया बाग लगाने पर अनुदान राशि तीन किस्तों में देने का प्रावधान है। नए बाग की स्थापना प्रथम वर्ष व तीन किस्तों में अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। बाग लगाने के तहत एक किसान



नारनौल। बाग के लिए गड्ढे खोदते किसान। फोटो : हरिभूमि

अधिकतम 10 एकड़ क्षेत्र तक अनुदान प्राप्त कर सकता है। यह जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी डॉ. प्रेम कुमार यादव ने बताया कि बागवानी फसलों को बढ़ावा देने व किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए लगातार गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बागवानी से संबंधित किसी जानकारी के लिए ब्लॉक उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय व उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं। नारनौल व सिहमा ब्लॉक के लिए उद्यान विकास अधिकारी के मोबाइल नंबर 9579600685 पर, अटेली व कनीना के लिए 9518121395, महेंद्रगढ़ व सतनाली के लिए 9660959092 तथा नांगल चौधरी व निजामपुर के लिए उद्यान विकास अधिकारी के मोबाइल नंबर 9460001145 पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं।

### बाग लगाने के लिए अपनाएं ये विधि

*जिला उद्यान अधिकारी प्रेम यादव ने बताया कि नए बाग के लिए तीन गुना तीन फुट साइज के गड्ढे खोदते समय पहले ऊपर 1.5 फीट मिट्टी अलग निकाल लें व नीचे की 1.5 फीट मिट्टी अलग निकाले। इसके बाद 15 दिन गड्ढों को खुला छोड़ दें। 15 दिन बाद प्रत्येक गड्ढे में ऊपर वाली 1.5 फीट मिट्टी में गोबर की खाद, सिंगल सुपर फास्फेट मिलाकर गड्ढों को भरकर पानी लगाए। पौधे लगाने से पहले दो दिन तक गड्ढों में पानी न दें, अगर जमीन में दीमक की शिकायत है, तो लगाए गए पौधों में पानी के साथ क्लोरोपाईरीफोस कीटनाशक का घोल बनाकर सभी पौधों*

### पौधे लगाने का समय व पौधों की खरीदारी

*बाग लगाने के लिए जुलाई से सितंबर माह उचित है। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की ओर से प्रमाणित किसी भी नर्सरी से आप पौधे खरीद सकते हैं।*

### स्कीम का लाभ लेने के लिए दस्तावेज

जिला उद्यान अधिकारी प्रेम यादव ने बताया कि स्कीम का लाभ लेने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। स्कीम का लाभ लेने के लिए **midhsuraksha.in** पर आवेदन करना होगा। परिवार पहचान पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पौधों का ओरिजिनल बिल, जमाबंदी, फर्द, इंतकाल व पटवारी की रिपोर्ट लगानी होगी।

## रोजगार मेले में 45 छात्रों को मौके पर ही दिया चयन पत्र

**नारनौल।** हरियाणा सरकार स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्रों में अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने को कटिबद्ध है। इसी कड़ी में वीरवार को जिला रोजगार कार्यालय एवं रोजगार समन्वय कमेटी की ओर से अतिरिक्त उपायुक्त सुशील कुमार की अध्यक्षता में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेला का आयोजन किया। इस रोजगार मेले में 187 युवाओं ने भाग लिया। इसमें 83 छात्रों को चिन्हित किया तथा 45 छात्रों को मौके पर ही चयन पत्र जारी कर दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त सुशील कुमार ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार युवाओं को रोजगार देने के लिए इस प्रकार के रोजगार मेला का आयोजन किया जाता रहता है। जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह रावत ने बताया कि इस रोजगार मेले में पुखराज हेल्थ केयरए इंटर इंस्टीट्यूशनल कंप्यूटर सेंटरए फ्रीडम एम्प्लायबिलिटी एकेडमी आदि ने भाग लिया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग मैराथन आयोजित

# योग मैराथन : गहली की रवीना व कांवी का मोहित रहे प्रथम, मिला सम्मान

## सैकड़ों नागरिकों ने दिया योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा का संदेश, तोबड़ा की लवन्या व कांवी के दीपक को द्वितीय स्थान पर मिला 2100-2100 का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आईटीआई प्रांगण से नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम तक वीरवार सुबह सैकड़ों नागरिकों ने योग मैराथन के माध्यम से जन-जन तक योग का संदेश पहुंचाने का काम किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती मौजूद थे। हरियाणा योग आयोग तथा आयुष विभाग की ओर से आयोजित इस मैराथन में गांव गहली की रवीना व राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांवी के मोहित को योग मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रोटरी क्लब की ओर से 5100-5100 रुपये का पुरस्कार दिया गया।

इसी प्रकार गांव तोबड़ा की लवन्या व राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांवी के दीपक को द्वितीय स्थान पर आने पर झल्लूराम स्मारक समिति नांगल काठा की ओर से 2100-2100 रुपये का पुरस्कार दिया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में समापन कार्यक्रम में संबोधित करते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि योग हमारी प्राचीन पद्धति है। योग मैराथन का मुख्य मकसद लोगों को योग के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेल और योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

युवा भविष्य में जीवन में जो भी मुकाम हासिल करेंगे, वहां पर खेल एवं योग उनके शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य में बहुत बड़ा योगदान देगा। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि 21 जून को अंतर राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भारी संख्या में हिस्सा लें। बीजेपी के जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार लगातार योग को बढ़ावा दे रही है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशिबाला ने आगंतुकों का धन्यवाद किया तथा डॉ. ललित जोशी ने स्वागत संबोधन दिया।






नारनौल। आईटीआई से योग मैराथन को हरी झंडी दिखाते डीसी डॉ. विवेक भारती व नेताजी सुभाष स्टेडियम में विजेताओं को सम्मानित करते डीसी डॉ. विवेक भारती।

### ये रहे मौजूद

मौके पर नांगल चौधरी के एसडीएम मनोज कुमार, नगराधीश मंजीत कुमार, डीएसपी सुरेश कुमार, बीजेपी के पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव, रोटरी क्लब से विनोद चौधरी, प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा, स्टेट शिक्षक अवार्डी डा. जितेंद्र भारद्वाज, झल्लूराम स्मारक समिति से राजेश कुमार, डॉ. सतीश आदि मौजूद थे।



मंडी अटेली। योग जागरण यात्रा निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

## नियमित योग करने से ही दूर होते हैं शरीर के सभी रोगः कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव कटकई स्थित योगशाला में वीरवार को योग जन जागरण यात्रा निकाली गई। इस यात्रा को गांव की सरपंच कृष्णा देवी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर बोलते हुए सरपंच कृष्णा देवी ने बताया कि यह यात्रा योग के प्रचार प्रसार करने तथा आमजन को निरोग बनाने के लिए निकाली गई हैं। योग मानव जीवन का अभिन्न अंग है तथा इसको दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा, तभी हम निरोग जीवन जी सकते हैं। उन्होंने बताया कि जबसे कटकई योगशाला में आम जन आने लगा है, तब से गांव में नशे की प्रवृत्ति तथा अन्य बुराइयां भी कम होने लगी है। लोगों का मानसिक स्तर में काफी सकारात्मक सुधार हुआ हैं। योग से मानव का शारीरिक ही नहीं, मानसिक व बौद्धिक विकास भी संभव है। इस अवसर पर बोलते हुए कटकई योगशाला के प्रभारी आयुष योग सहायक पवन कौशिक ने बताया कि यह योग जनजागरण यात्रा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. शशिबाला व जिला को-ऑर्डिनेटर डॉक्टर सतीश कुमार के मार्गदर्शन में निकाली गई है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाना है। इस कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि विजय कुमार, उधम सिंह कोच, रवींद्र, मोहन सिंह, सतबीर, जगरूप, रामसिंह, सचिन, अमित कुमार व केशव आदि व्यक्ति उपस्थित रहे।

## हकेंवि में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का होगा आयोजन

**महेंद्रगढ़।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 21 जून को योगाभ्यास के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पद्मश्री योगेश्वर दत्त उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिए जाने वाले संदेश का सीधा प्रसारण भी प्रतिभागियों को सुनाया जाएगा। विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय



योग दिवस के आयोजन से जुड़े योग विभाग के प्रभारी डॉ. नवीन ने बताया कि प्रो. मूलचंद शर्मा सभागार के समीप स्थित उद्यान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन की शुरुआत प्रातः 6.20 बजे से होगी, जिसमें योगा प्रोटोकॉल के साथ-साथ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित योग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए प्रतिभागियों एवं योग प्रशिक्षकों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जाएंगे। अंतराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के संबंध में डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई व छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के साझा प्रयासों से आयोजित कार्यक्रम बीते दो सप्ताह से योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत योग शिविर के माध्यम से मालड़ा, भगड़ाना, रसूलपुर, आकोदा, नांगल हरनाथ, ढाढोत, खुडाना, बुडीन, पालड़ी, बधवाना, जांट, पनिहारा, लावण आदि गांवों के स्थानीय लोगों को योग के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

## आईटीआई डेरोली में करवाया दो दिवसीय योगाभ्यास

**मंडी अटेली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डेरोली अहीर के प्रांगण में दो दिवसीय योगाभ्यास करवाया गया। इस योगाभ्यास में स्टाफ के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक भावना ने योग के बारे में बताते हुए कहा कि प्रतिदिन योग करने से बीपी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, पेट संबंधी बीमारियां दूर हो जाएगी। वहीं योग सहायक नविता एवं संजय ने योगासनों व प्राणायाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। योग केवल शारीरिक व्यायाम ही नहीं है, बल्कि यह आत्मिक जागरूकता, मानसिक शांति और सामाजिक एकता का माध्यम है। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग हमारे जैसे बलों के लिए अत्यंत प्रासंगिक है, जो व्यक्तिगत अनुशासन के साथ देश की रक्षा के लिए समर्पित हैं। इस कार्यक्रम में कुल 58 छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों ने संस्थान के मुखिया राकेश कुमार, सुधीर सहायक, नवीन कुमार, सुनील कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजकुमार, राजवीर सिंह, राजपाल व राधेश्याम आदि ने भाग लिया।



मंडी अटेली। प्रशिक्षण संस्थान में योगाभ्यास करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## बीकॉम फाइनल सेमेस्टर की स्नेहा ने पाया नौंवा स्थान

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा फाइनल सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि बीकॉम फाइनल सेमेस्टर की छात्रा स्नेहा पुत्री राजेश कुमार ने 80.69 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय में नौंवा स्थान एवं कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कोर्स की छात्रा दिव्या पुत्री मनोज कुमार गुलावला ने 75.11 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज में द्वितीय एवं मंजू पुत्री रघबीर सिहोर ने 75.00 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय, छात्रा सानिया पुत्री भवरसिंह ने 74.44 प्रतिशत, कीर्ति पुत्री महावीर ने 73.81 प्रतिशत, ज्योति पुत्री आनंद कुमार ने 70.72 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं बीएससी नॉन मेडिकल फाइनल सेमेस्टर का छात्र आदित्य पुत्र संदीप प्रसाद ग्राम बुचौली ने 85.11 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज में प्रथम, छात्रा नेहा पुत्री कृष्ण कुमार ग्राम घडी ने 84.44 प्रतिशत अंक के लेकर द्वितीय एवं मुस्कान पुत्री कृष्ण कुमार ग्राम लावन 82.00 प्रतिशत अंक के लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में छात्रा ज्योति पुत्री अजीत सिंह ने 80.67 प्रतिशत, तमन्ना पुत्री गणेश कुमार ने 80.22 प्रतिशत, नेहा पुत्री विजयपाल ने 79.56 प्रतिशत, खुशबू पुत्री सुनील कुमार ने 78.22 प्रतिशत, अनुज कुमार पुत्र अजय कुमार ने 78.22 प्रतिशत, मुस्कान शर्मा पुत्री दिनेश ने 74.89 प्रतिशत, नीतू पुत्री बिजेंद्र सिंह ने 74.22 प्रतिशत, सपना पुत्री शिव कुमार ने 74.00 प्रतिशत, यामिनि पुत्री सतीश कुमार ने 73.78 प्रतिशत, प्रिया पुत्री ईश्वर सिंह ने 72.89 प्रतिशत, दीप्ती पुत्री कंवर सिंह ने 72.67 प्रतिशत, रितु कुमारी पुत्री कृष्ण कुमार ने 72.00 प्रतिशत, प्रिया पुत्री राजेंद्र सिंह ने 71.33 प्रतिशत, अभिषेक पुत्र पवन ने 70.22 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं कॉलेज के अधिकांश विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण होने में सफल रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।



स्नेहा



आदित्य



नेहा

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर लगाई छबील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला महिला कांग्रेस ओर से कार्यक्रम का आयोजन महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष डॉ. राजवती यादव के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए त्रिवेणी लगाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व स्थानीय नागरिकों की भागीदारी रही। डॉ. राजवती यादव की ओर से सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें राहुल गांधी के सामाजिक योगदान, संघर्षशील नेतृत्व व युवाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को बताया गया। गर्मी को ध्यान में रखते हुए आमजन की सुविधा हेतु एक ठंडे पानी की छबील भी लगाई गई। जिससे राहगीरों व नागरिकों को राहत प्रदान हुई। यह आयोजन सेवा, समर्पण और पर्यावरण सरंक्षण के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर संदीप राव, सुरेश फौजी, प्रोफेसर आरके यादव, डीएन यादव, माया, मोरवाल, ज्योति, कमला, निर्मला, शशिबाला, फूलसिंह नंबरदार, सरजीत नंबरदार, प्रकाश सेका आदि मौजूद रहे।



नारनौल। राहगीरों को ठंडा पानी पिलाते हुए। फोटो: हरिभूमि

## देश ने 11 साल में अपनी खोई साख को फिर से किया हासिलः यतेन्द्र राव



**नारनौल।** जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्रत्येक वर्ग के लिए कल्याणकारी नीतियां लागू करने के साथ साथ प्राचीन भारतीय संस्कृति और धरोहर को संजोने में भी लगी है। भाजपा के पिछले 11 वर्ष के शासनकाल में भारत देश ने अपनी खोई हुई साख को फिर से हासिल किया है। विदेश में भारत की धाक जमी है। उन्होंने कहा कि हमारे अंदर राष्ट्र के प्रति सम्मान और प्रेम की भावना जरूरी है। हम सबको मिलकर विकसित भारत बनाना है।

### मूसनोता गांव में जजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

नांगल चौधरी। सदस्यता अभियान के तहत जजपा पदाधिकारियों ने मूसनोता गांव में जनसंपर्क किया। ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराने के बाद संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान तीन युवाओं को पार्टी की सदस्यता दी गई। हलका प्रधान एडवोकेट प्रमोद ताखर व प्रभारी विनोद भील ने बताया कि नांगल चौधरी हलके के सभी गांव व ढाणियों में डोर टू डोर अभियान चलाया गया है। पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं की टीम बनाई गई है, जो गांवों में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का संदेश पढ़कर सुनाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले में चारों विधानसभा से 20 हजार लोगों को पार्टी से जोड़ने का टारगेट रखा गया है।

### महेंद्रगढ़ जिले के चार खिलाड़ियों ने नॉर्थ इंडिया में पांच स्वर्ण पदक जीत कर दूसरा स्थान दिलाया

# नॉर्थ इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हिमाचल प्रदेश के कम्युनिटी सेंटर भुवाहरना पालमपुर में 13 से 15 जून तक आयोजित नॉर्थ इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हरियाणा की महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए पूरे उत्तर भारत में दूसरा स्थान हासिल किया। महेंद्रगढ़ स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष कोच धर्मवीर सिंह की अगवाई में गई हरियाणा के टीम स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में खिलाड़ियों का परिणाम शानदार रहा। प्रतियोगिता के 65 किलोभार जूनियर महिला वर्ग में हिमांशु जड़वा ने गोल्ड मेडल व चैंपियन का चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं जड़वा की मनीषा ने 80 किलो जूनियर भार वर्ग में खेलते हुए गोल्ड मेडल जीता। जिले के सुमित ने 60 किलो जूनियर भार वर्ग स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में खेलते हुए गोल्ड मेडल, गांव भुंगारका नांगल चौधरी के धर्मेंद्र यादव ने 76 किलो जूनियर सीनियर वर्ग स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में खेलते हुए दो स्वर्ण पदक व चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। धर्मेंद्र ने जीत का श्रेय अपने कोच संदीप कड़वासरा, भाई सुधीर चौधरी को दिया। नॉर्थ इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता में हरियाणा के 30 महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। नॉर्थ इंडिया चैंपियनशिप में हरियाणा टीम के मुख्य सदस्य कोच संदीप कड़वासरा, कोच धर्मवीर सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश यादव ने खिलाड़ियों को बधाई दी। नॉर्थ इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम पूरे उत्तर भारत में दूसरा स्थान पर रही। कोच संदीप कड़वासरा ने बताया कि नॉर्थ इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हरियाणा की महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए पूरे उत्तर भारत में दूसरा स्थान हासिल किया।




नारनौल। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटोः हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### कनीना के पीयूष ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की



**कनीना।** कनीना निवासी छात्र पीयूष ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिजनों का नाम रोशन किया है। हेमसा के प्रधान बाबूलाल यादव ने बताया कि छात्र ने 588 अंक हासिल कर 2429वां ऑल इंडिया रैंक प्राप्त किया है। पीयूष ने सफलता का श्रेय राजकरण, हजारीलाल, पंकज कुमार, अनिता व सुनिता सहित परिजनों तथा गुरुजनों को दी दिया।

### हक नहीं देने के विरोध में होगा आंदोलनः भूपेश

**नारनौल।** अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी (संबंधित भारतीय मजदूर संघ) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेश पालीवाल ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों को देखते हुए सरकार को चेतावनी भरा पत्र लिखते हुए साफ-साफ शब्दों में कहा कि अगर कर्मचारियों का उनका हक, वेतन बढ़ोतरी एवं एसओपी समय पर जारी नहीं हुई है, जिसके चलते भारतीय मजदूर संघ कर्मचारी हित को देखते हुए सरकार के मुख्य अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन के लिए पीछे नहीं हटेगा।

### पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में संभावनाएं

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया जारी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत विवि में उपलब्ध पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अंतर्गत अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों को एमलिब में दाखिले का सुनहरा अवसर उपलब्ध करा रहा है। विभाग में दाखिले के लिए 30 सीटें उपलब्ध हैं।

### टीबी मुक्त भारत के सपने को करें साकार

**नारनौल।** मोहल्ला बैठक आयोजित कर क्षय रोगियों को टीबी के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत जिला टीबी कोऑर्डिनेटर शोभा शर्मा ने वीरवार को मोहल्ला रावका में मोहल्ला बैठक आयोजित कर लोगों को टीबी के बारे में जागरूक किया। जिला टीबी कोऑर्डिनेटर ने कहा कि यदि 10 दिन से अधिक किसी को खांसी की समस्या है तो उन्हें तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं।

### जियो फेंसिंग उपस्थिति का किया विरोध

**कनीना।** स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी की ओर से एसडीएच अस्पताल की एसएमओ को ज्ञापन सौंपा गया। कर्मियों ने ज्ञापन में कहा कि सरकार स्वास्थ्य विभाग हरियाणा चंडीगढ़ के पत्र के से महानिदेशावक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा पंचकूला के पत्र द्वारा चिकित्सकों व सभी वर्ग के कर्मियों को उपस्थिति जियो फेंसिंग के आधार पर उपस्थिति दर्ज कराने का विरोध किया है।

### समाधान शिविर में आई 87 शिकायतें

**नारनौल।** मुख्यमंत्री सैनी के दिशा निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर की कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त सुशील कुमार ने आमजन की शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में कुल 87 शिकायतें आई। अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए कि शिविर में जो भी शिकायतें आती हैं, उनका मौके पर ही निपटान करें।

# ब्राह्मण समाज का निष्पक्ष चुनाव करवाने की मांग को लेकर समाज का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला

**39 कॉलेजियम मेंबर्स में से बहुमत संख्या में हस्ताक्षर युक्त एक पत्र उपायुक्त को सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

ब्राह्मण सभा द्वारा निष्पक्ष चुनाव करवाने की मांग को लेकर ब्राह्मण सभा के एक प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त से मुलाकात की। उपायुक्त से मिलने वालों में कॉलेजियम सदस्य, समाज के गणमान्य लोग, निवर्तमान प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य शामिल रहे। उन्होंने चुने गए 39 कॉलेजियम मेंबर्स में से बहुमत संख्या में हस्ताक्षर युक्त एक पत्र उपायुक्त को सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त को बताया कि ब्राह्मण सभा महेंद्रगढ़ रजिस्टर्ड के चुनाव की प्रक्रिया संवैधानिक तरीके से दो महीने से चली हुई है। तीन समाचार पत्रों में इस चुनाव प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी तिथि अनुसार प्रकाशित करवा दी थी, जिसमें नियम अनुसार कॉलेजियम के सदस्यों के चुनाव प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कुल 39 कॉलेजियम सदस्यों में से 36 कॉलेजियम मेंबर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। केवल तीन कॉलेजियम वार्डों में चुनाव हुए। यह पूरी चुनाव प्रक्रिया बहुत शांतिपूर्वक और निष्पक्ष तरीके से पूर्ण हुई है। इस चुनाव प्रक्रिया पर किसी की कोई आपत्ति या कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। समाज निर्विरोध रूप से प्रधान और कार्यकारिणी बनाने के पक्ष में कोशिश कर रहा है। अब केवल कार्यकारिणी और प्रधान का चुनाव बाकी है। जिसका चुनाव चुने हुए कॉलेजियम सदस्य करेंगे। प्रधान व कार्यकारिणी के चुनाव की तिथि भी घोषित हो चुकी थी। ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोगों और चुने हुए बहुमत संख्या में कॉलेजियम के सदस्यों का मत है कि समाज निष्पक्ष और निर्विरोध चुनाव करवाना चाहता है।

### कुछ लोग कर रहे हैं शिकायत



कुछ चार-पांच व्यक्ति समाज की इस निष्पक्ष और निरपेक्ष तरीके से चली हुई चुनाव प्रक्रिया को रोकने के लिए शिकायत कर रहे हैं। कॉलेजियम सदस्यों का बहुमत चुनाव करवाने के पक्ष में है। बहुमत कॉलेजियम सदस्यों ने हस्ताक्षर करके चुनाव प्रक्रिया जारी रखने के संबंध में जिला रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसाइटीज नारनौल, राज्य रजिस्ट्रार फर्म्स एंड सोसाइटीज पंचकूला, इसी विभाग के कैबिनेट मंत्री नरबीर यादव और उपायुक्त महेंद्रगढ़ को भी दे दिया है। सभी कॉलेजियम सदस्यों और समाज के गणमान्य लोगों ने मांग की है कि ब्राह्मण सभा महेंद्रगढ़ के चुनाव स्थगित नहीं किए जाएं। चुनाव प्रक्रिया पूरी करके समाज को नए प्रधान और कार्यकारिणी के साथ काम करने का मौका दिया जाए ताकि समाज उत्थान के कार्य हो सके।

### डीसी से की चुनाव प्रक्रिया जारी रखने की मांग

उन्होंने बताया कि समाज के दो-तीन लोग जो इसी चुनावी प्रक्रिया से चुनाव जीतकर कॉलेजियम मेंबर बने हैं। उन्होंने इस पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया पर चुनाव से पहले और चुनाव के दौरान कोई शिकायत या आपत्ति दर्ज नहीं की। अब कुछ लोग अपने निहित स्वार्थ के लिए समाज की चुनाव प्रक्रिया को स्थगित करवाने के लिए शिकायत दे रहे हैं। चुनाव अधिकारी को बदलने के लिए भी उन्होंने शिकायत दी है, जबकि इस चुनाव अधिकारी की देखरेख में उन्होंने चुनाव जीता है। आज समाज में कुछ लोगों द्वारा चुनावी प्रक्रिया रुकवाए जाने के कारण काफी गुस्सा है। जबकि समाज का बहुमत शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनावीं प्रक्रिया जारी रखना चाह रहा है। कुछ व्यक्तियों ने यह भी बताया कि उनके पक्ष का प्रधान नहीं बन पा रहा हैं। इसी वजह से वह चुनाव को आने के लिए शिकायत बाजी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि निष्पक्ष और निरपेक्ष भाव से चल रही चुनाव प्रक्रिया को कुछ दिन के लिए चार-पांच लोगों ने स्थगित करवा दिया गया है। जिला रजिस्ट्रार फर्मज एंड सोसाइटीज नारनौल के द्वारा सुनवाई की जा रही है। उपायुक्त महेंद्रगढ़ से मिलकर समाज के लोगों ने चुनाव प्रक्रिया को जारी रखने के लिए पत्र दिया है। उपायुक्त महेंद्रगढ़ में शीघ्र संज्ञान लेकर चुनाव करवाने का आश्वासन दिया है।

**तीन से पांच दिनों में एक बार पानी की सप्लाई आ रही**

# चांदुवाड़ा में समस्याओं की भरमार प्रशासन मौन, लोग परेशान

**लोग बोले-प्रशासन जल्द समस्याओं पर गौर करे अन्यथा यहां के निवासी कड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

टूटी सड़कें, बंद नालियां, बहता पानी, ओवरफ्लो सीवरेज, पानी तीन चार दिन में एक बार आना। यह नजारा शहर के प्राचीनतम इलाकों में से एक मोहल्ला चांदुवाड़ा का है। शहर के मुख्य मार्ग तालाब बहादुर सिंह से प्रमुख बाजार मानक चौक, आजाद चौक, बजाजा बाजार को जाने वाला मुख्य मार्ग मोहल्ला चांदुवाड़ा से होकर गुजरता है। जहां पर रहने वाले स्थानीय निवासी, दुकानदार व प्रतिदिन इस व्यस्त मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ों राहगीर व वाहन चालकों के लिए इस दुर्गम मार्ग को पार करना एक जंग जीतने जैसा हो गया है।

मोहल्ला वासियों के अनुसार सारे शहर के विभिन्न इलाकों में बनने वाली सड़कों के तहत मोहल्ले में मार्च माह में नाइयों की गुवाड़ी व सुरेन्द्र बोहरा के निवास से गुरुद्वारा पालतियान तक नवनिर्माण हेतु सड़क को तोड़ा गया था, जो कि आज तक टूटी पड़ी हुहै। जिसके कारण स्थानीय निवासियों व प्रतिदिन आने जाने वाले हजारों लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर विद्यालय भी स्थित है। जिसमें शिक्षा ग्रहण करने के लिए सैकड़ों छोटे छोटे बच्चे प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरते हैं। मोहल्ले में पीने के पानी का कोई दिन या समय निर्धारित नहीं है। तीन से पांच दिनों में एक बार पानी की सप्लाई आ रही है। जिसके कारण समस्त मोहल्लावासी पैसों से खरीदकर टैंकरों से पानी भरने को मजबूर हैं।



**नारनौल।** मोहल्ला में टूटी सड़क पर बहते पानी से गुजरते लोग। *फोटोः हरिभूमि*

### बरसात के सीजन में बढ़ी परेशानी

लोग इस बारिश के मौसम में बीमारी व दुर्घटनाओं के बीच जीने को मजबूर हैं। प्रशासन को शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार है। जिसके उपरांत वे अपनी हरकत में आकर अपनी कार्यशैली का लोहा मनवाएंगे। स्थानीय लोग सूरज बोहरा, कैलाश शुक्ला, रामनारायण बोहरा, मुकेश गोयल, मनमोहन शुक्ला, एडवोकेट आशुतोष, एडवोकेट श्यामसुंदर गोस्वामी, भगवत स्वरूप, बॉबी गुप्ता, मुकेश गुप्ता, राजकुमार जैन, सुशील जैन, सुंदरलाल जैन, रजत जैन, अनिल सोलंकी, सुनील, शुभम गर्ग, निहाल सर्राफ, हुकमचंद सर्राफ, मनोज वर्मा, विजय हल्दिया, एडवोकेट केशव संघी आदि ने बताया कि प्रशासन व ठेकेदार से बार बार अपील करने के बाद भी कोई सुनवाई करने को तैयार नहीं है। उन्होने कहा कि प्रशासन जल्द मोहल्लावासियों की समस्याओं पर गौर करे, अन्यथा यहां के निवासी कड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे।

### बिजली व्यवस्था खराब

वहीं रामलीला मैदान से गोयल फोटो स्टूडियो के सामने तक बिजली निगम की ओर से नए पोल खड़े किए गए हैं। जिन पर सप्लाई शिफ्ट कर पुराने खंभों को हटाने का प्रावधान था। निगम की ओर से आनन फानन में नए पोल तो बेतरतीब तरीके से खड़े कर दिए गए, लेकिन न तो लाइन इन पर शिफ्ट की गई और न ही पुराने खंभों को आज तक हटाया गया है। जिस कारण गलियों में जलने वाली स्ट्रीट भी पिछले एक महीने से बंद पड़ी है। मोहल्ले में कम वोल्टेज लाइट के कारण आए दिन घरों में बिजली उपकरण जल रहे हैं। मोहल्ला वासियों की माने तो इस बार मोहल्ले की दोनों साइडों को दो अलग अलग वार्डों में बांट दिया गया। जिसके बाद से कोई भी पार्षद भी इस ओर ध्यान देने को राजी नहीं। स्थानीय निवासियों का यहां पर जीना दूभर हो रखा है और कोई भी प्रशासन या विभाग के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही।

# निजामपुर सब डिविजन चालू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के नारनौल डिविजन तथा महेंद्रगढ़ यूनिट की परिचय मीटिंग अधीक्षक अभियंता परिमंडल नारनौल के साथ हुई।

मीटिंग में निजामपुर सब डिविजन को चालू करवाने, प्रत्येक सब डिविजन ट्री कटिंग के लिए लिफ्टर की व्यवस्था करवाने, नारनौल सर्कल के अधीन सभी सब डिविजन में फील्ड स्टॉफ की कमी की पूर्ति करने, अटेली सब डिविजन में जेई के ऑफिस के लिए कैबिन बनवाने तथा आकोदा, मालड़ा व बारडा पॉवर हाऊस की बाउंड्री वॉल की मरम्मत करवाने की मांग की गई। इन मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के बाद एसई नारनौल ने इन मुद्दों को जल्द से जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया गया।

मीटिंग में सर्कल सचिव किरोड़ीमल सैनी, यूनिट प्रधान नारनौल बिरेंद्र सिंह, यूनिट प्रधान महेंद्रगढ़ विनोद जेएसई, जेएसई यूनिट सचिव नारनौल अमित ढिल्लो, वरिष्ठ उपप्रधान नारनौल सुरेंद्र सैनी यूडीसी, अशोक भार्टी जेई अटेली, कैशियर यूनिट नारनौल खगेश एलडीसी, प्रेस सचिव सुरेश सैनी, एसएसए यूनिट सचिव महेंद्रगढ़ भगवान दास आदि उपस्थित थे।



**नारनौल।** मीटिंग करते बिजली निगम के कर्मचारी। *फोटोः हरिभूमि*

# सहेली रखेगी गर्भवती महिलाओं पर नजर

- गांव स्याणा में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कनीना

सीएचसी सेहलंग के अंतर्गत गांव स्याणा में वीरवार को पीएमएसएमए योजना के तहत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें अस्पताल प्रभारी डॉ. प्रभा देवी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सरकार के आदेशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सहेली कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। जिसमें स्वास्थ विभाग के अलावा आशा वर्कर व आंगनबाड़ी वर्कर को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को बेटी बचाओ की शपथ भी दिलाई गई।



**कनीना।** स्याणा गांव में आयोजित शिविर में हिस्सा लेती विभिन्न विभागों की कर्मचारी। *फोटोः हरिभूमि*

### साइबर ठगों को खाता उपलब्ध कराने वाला आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** साइबर जालसाजों पर लगातार प्रहार करते हुए साइबर थाना टीम ने साइबर ठगों को खाता उपलब्ध कराने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान प्रशांत वासी कुलताजपुर के रूप में हुई है। आरोपित से पूछताछ में पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित ने खाता साइबर ठगों को दिया था। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। साइबर थाना की पुलिस टीम की ओर से खाताधारक सचिन वासी ताजपुर अटेली को पहले गिरफ्तार किया गया था। आरोपित के खाते में साइबर ठगी की काफी राशि का ट्रांजेक्शन हुआ था। साइबर थाना की टीम ने एक्सिस बैंक लिमिटेड शाखा के शाखा प्रमुख राजीव कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया।

# आपसी तालमेल व सामंजस्य बनाएं

- लंबित शिकायतों का संबंधित विभाग द्वारा तुरंत करवाया जाए निपटाराः उपायुक्त डॉ. विवेक

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में 62 नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद रही। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल व सामंजस्य स्थापित कर काम करें, ताकि विकास कार्यों में रुकावट ना आए। इसके अलावा सभी विभाग समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों का तुरंत समाधान करें तथा इसकी रिपोर्ट भी जिला प्रशासन को भिजवाएं। उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे शहर में साफ-सफाई सुनिश्चित करें। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे शहर में बरसाती पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध किए जाएं और नागरिकों को शुद्ध व पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में पेंशन, जन्म तिथि ठीक करवाने, भूमि रिकॉर्ड में शुद्धिकरण, परिवार पहचान पत्र में दर्ज वार्षिक आय को कम करवाने, आधार कार्ड में दर्ज नाम को सही करवाने, कब्जे हटवाने, बिजली विभाग से संबंधित शिकायतों के अलावा नगर पालिका, विकास एवं पंचायत आदि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई।



**महेंद्रगढ़।** लोगों की शिकायत सुनते डीसी। *फोटोः हरिभूमि*

# मोदी के नेतृत्व में आज सशक्त भूमिका में देश

- सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सिहोर में संगोष्ठी का आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कनीना

केंद्र में मोदी सरकार के 11 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है, जिससे भारत देश आज सश्सक्त भूमिका में है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। यह बात हरियाणा के पूर्व शिक्षामंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने वीरवार को गांव सीहोर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी में कही। इस संगोष्ठि में अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव व जिला प्रधान यतेंद्र सिंह भी भी मौजूद थे। रामबिलास शर्मा ने कहा कि आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास गाथा और दूरदर्शी नीतियों को देखकर हतप्रभ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सरकार ने आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को कुछ ही पलों में नष्ट करके दिखाया है। सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवर प्रदान किया है। सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए पीएम ई ड्राइव योजना शुरू की है। जिसका लाभ देक्ष की जनता को मिलेगा।




**कनीना।** सिहोर में आयोजित संगोष्ठी में संबोधित करते पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा।

### ये रहे मौजूद

अटेली पूर्व विधायक सीताराम यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन व अन्य क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास किया है। उन्होंने कहा कि आज देश में सड़कों का ऐसा नेटवर्क है, जिससे घंटों का सफर मिनटों में पूरा हो जाता है। गांव में पहुंचने पर ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी ने पूर्व शिक्षामंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा व अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव का फूल माला व पगड़ी पहनकर गर्म जोशी से स्वागत किया। इस मौके पर देवेंद्र यादव, मदनलाल शास्त्री, अमित मिश्रा सहित भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

# योग दिवस की तैयारी जोरों पर

- ग्राम पंचायतों द्वारा योग जागरण यात्राओं का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭मंडी अटेली

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों द्वारा योग जागरण यात्राओं का आयोजन किया। गुजरवास में योग यात्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच वर्षा रानी ने की, जबकि योग जागरूकता रैली का नेतृत्व पंच पूजा चौहान ने किया। वहीं राता में सरपंच बेदू यादव, बिहाली में सरपंच बीना यादव तथा गांव भोड़ी में सरपंच प्रदीप चौहान के नेतृत्व में योग जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए योग गुरु ओमप्रकाश चौहान ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक ऐसा अवसर है, जब विश्वभर के लोग एकसाथ आकर योग के महत्व को समझते हैं और इसके लाभों का अनुभव करते हैं। यह दिन हमें योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करता है। इस मौके पर श्रीराम सेवा ट्रस्ट के सचिव राजेंद्र वर्मा, सेंट जॉन ब्रिगेड ऑफिसर डॉ. सीएस वर्मा, रंजीत सिंह तंवर, मोनू पंच, ग्राम सचिव अनीता यादव, अशोक चौहान, रामकिशन, नरेश स्वामी, गीता सैन, ओमवती, शर्मिला, बबीता, रत्ना, स्वाति, कृष्णा, बिमला, सुषमा, रेणु सहित, उगता सूरज, उज्वल, विश्वास, नारी शक्ति, प्रगति तथा श्याम इत्यादि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं भी मौजूद रही।




**मंडी अटेली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी करते हुए। *फोटोः हरिभूमि*

**राजीव मेहरानिया को मिली महासचिव की जिम्मेदारी**

# युवा कांग्रेस के जिला प्रधान बने पुनीत बुलान

हरिभूमि न्यूज ⏭नांगल चौधरी

प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी ने महेंद्रगढ़ जिले की युवा कार्यकारिणी गठित कर दी। पुनीत बुलान को जिला प्रधान का दायित्व सौंपा गया है। इनके साथ ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। विधायक मंजू चौधरी ने युवा जिला कार्यकारिणी को संगठन के विभिन्न दायित्वों से अवगत कराया तथा आमजन तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का संदेश दिया। एडवोकेट अभय सिंह गुर्जर ने बताया कि विधानसभा चुनावों के बाद युवा कांग्रेस की सदस्यता अभियान चलाया गया था। इन्ही सदस्यों को युवा कांग्रेस कार्यकारिणी के चुनाव में मतदान की अनुमति दी गई है। महेंद्रगढ़ का प्रधान पद सामान्य कटेगिरी के लिए आरक्षित किया गया था। इसके लिए सात कार्यकर्ताओं ने नामांकन किया था। जिनमें हसनपुर निवासी पुनीत बुलान ने सामान्य कटेगिरी से नामांकन किया था। ऑनलाइन मतदान प्रक्रिया में 655 सदस्यों ने भाग लिया। जिनमें 487 ने पुनीत को मत देकर विजेता बनाया है। धीरेंद्र कौशिक ने 163 वोट लेकर उप प्रधान का चुनाव क्वालिफाइ किया है।

इसके अलावा अजीत यादव ने जिला महासचिव मनजीता ने जिला सचिव का चुनाव जीता है। इसके बाद जिला प्रधान ने नांगल चौधरी हलके को पाचनोता, धौलेड़ा, बूढ़वाल तथा बलाहा कलां समेत चार ब्लॉकों में विभाजित करके ब्लॉक प्रधान नियुक्त किए हैं। नरेंद्र कुमार को नांगल चौधरी विधानसभा प्रधान निर्वाचित किया गया है। हंसराज गुर्जर को बलाहा कलां, पाचनोता से डॉ. अशोक गुर्जर, बूढ़वाल से नितिश कुमार तथा धौलेड़ा ब्लॉक से अखिलेश कुमार ने प्रधान पद का चुनाव जीता है। उन्होंने बताया कि युवा कांग्रेस कार्यकारिणी के चुनाव में 18 से 35 वर्ष आयु के सदस्यों को मतदान के लिए अधिकृत किया है। विधायक मंजू चौधरी ने बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का जल्द ही शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



पुनीत बुलान, जिला प्रधान।



नरेंद्र कुमार, हलका प्रधान।



राजीव मेहरानिया, जिला महासचिव।